# प्रशासन ने करोड़ों की सरकारी जमीन से कब्जा हटाया

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. प्रशासन ने शुक्रवार को दो अलग अलग क्षेत्रों में करोड़ों रुपए मूल्य की सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई. साथ ही बिना अनुमति के अवैध कॉलोनी पर भी बुलडोज़र चलाने की कार्रवाई की गई.**



जिले में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाने तथा अवैध कालोनी विकसित करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में आज एसडीएम कनाड़िया के ग्राम खेमाना एवं चौहानखेड़ी की कांकड़ की सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ता जीवन गोयल द्वारा 0.549 हेक्टेयर जमीन पर अतिक्रमण कर लिया था, जिसे आज एसडीएम कनाड़िया दीपक चौहान और पुलिस बल की संयुक्त कार्रवाई में हटाया गया. मुक्त कराई गई जमीन का बाजार मूल्य लगभग 4 करोड़ रुपए है. इसी तरह आज तहसील बिचौली हप्सी के ग्राम बिहाड़िया स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 264/1, रकबा 6.438 हेक्टेयर में से राजाराम पिता शंकरलाल यादव ने एक एकड़ से ज्यादा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण कर लिया था. एसडीएम ने सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की. ग्राम बिहाड़िया में सरकारी जमीन का बाजार मूल्य करीब 1.5 करोड़ रुपए बताया जा रहा है.

साथ ही अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध अभियान के तहत अवैध कॉलोनाइजर अतुल अग्रवाल द्वारा सर्वे क्रमांक 241/6/1 एवं 241/6/2 पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी. उक्त कॉलोनी जमीन मालिक श्रवण यादव, लाल सिंह, लक्ष्मीनारायण पिता मोहन एवं अन्य द्वारा बिना अनुमति के विकसित की जा रही थी. उक्त अवैध कॉलोनी वपर भी प्रशासन ने कार्रवाई कर मौके पर अवैध कब्जा और निर्माण हटाया. इस दौरान एसडीएम अजय भूषण शुक्ला, तहसीलदार अनिल पटेल सहित राजस्व विभाग का अमला उपस्थित था.

## श्रावण मास में खंडवा रोड पर भारी मालवाहनों के प्रतिबंध के समय में संशोधन

इंदौर. श्रावण मास में कावड़ यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने खंडवा रोड पर भारी मालवाहनों की आवाजाही संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है. संशोधित आदेश के अनुसार 30 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक इंदौर-खंडवा एवं खंडवा-इंदौर मार्ग पर ट्रक और अन्य भारी मालवाहक वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा. ऐसे वाहन तेजाजी नगर से राऊ गोल चौराहा, एबी रोड, मानपुर, बलकवाड़ा होते हुए देशगांव मार्ग का उपयोग कर सकेंगे. प्रतिबंध केवल भारी मालवाहक वाहनों पर लागू होगा. कार, जीप, दोपहिया वाहन, यात्री बस, दूध वाहन, एलपीजी गैस सप्लाई, पानी के टैंकर, एंबुलेंस तथा अग्निशमन वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे. आदेश के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

## बिजली ग्रिडों और कार्यालयों में जल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. बिजली कंपनी ने अपने सभी ग्रिडों, आवासीय परिसरों और कार्यालयों में पानी की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश जारी किए हैं। कंपनी ने सिविल संकाय प्रभारियों, जोन और वितरण केंद्र प्रभारियों को जल उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है.**

कंपनी के निर्देश के अनुसार जिन स्थानों पर सिविल संकाय का स्टाफ पदस्थ नहीं है, वहां जेई और एई वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति लेकर बोरिंग मोटर सुधार सहित अन्य आवश्यक कार्य करा सकेंगे. स्थानीय प्रभारी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि बोरिंग मोटर में बार-बार खराबी न आए और जल संकट जैसी स्थिति निर्मित न हो.

बिजली कंपनी के अंतर्गत करीब 1700 ग्रिड, 500 जोन, वितरण केंद्रों के अलावा विभिन्न अधिकारियों के कार्यालय संचालित होते हैं, जहां बिजली आपूर्ति, उपभोक्ता सेवाओं और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों का संचालन किया जाता है. इन स्थानों पर कर्मचारियों और आगंतुकों की सुविधा को देखते हुए जल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं.

## 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान का समापन

### विश्व रिकॉर्ड की घोषणा, महापौर को दिया प्रमाण पत्र

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** नगर निगम का पिछले एक माह से 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान का आज समापन हो गया. उक्त अभियान में इंदौर ने सेमीग्रेशन वाली सेल्फी में विश्व रिकॉर्ड बनाया. साथ ही समापन के मौके पर महापौर ने एसएबीबी वॉकेथॉन में भाग लिया और महिला सफाई मित्र एवं एनजीओ का सम्मान किया. नगर निगम स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल ने बताया कि 1 से 31 जुलाई तक शहर में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा था. एक माह तक चले उक्त अभियान का आज महापौर पुष्यमित्र भार्गव मौजूदगी में रीजनल पार्क में एसएबीबी वॉकेथॉन के साथ समापन हुआ. इस मौके पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रीजनल पार्क से एसएबीबी वॉकेथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. वॉकेथॉन रीजनल पार्क से शुरू होकर



चोइथराम मंडी चौराहा से पुनः रीजनल पार्क पर समाप्त हुई. कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य राजेश उदावत, मनीष शर्मा, पार्षद मलखान सिंह कटारिया, कंचन गिदवानी, अपर आयुक्त प्रखर सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, 800 से ज्यादा नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

**सेग्रीगेशन सेल्फी के विश्व रिकॉर्ड की घोषणा**-समारोह के दौरान 'सेग्रीगेशन वाली सेल्फी' अभियान में बनाए गए विश्व रिकॉर्ड की आधिकारिक घोषणा की गई. वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन की ओर से राजीव श्रीवास्तव एवं राजेश शुक्ला ने घोषणा करते हुए महापौर को विश्व रिकॉर्ड का प्रमाण-पत्र दिया.

**इंदौर की ताकत उसके जागरूक नागरिक हैं: महापौर**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि हम देश और विदेश के विभिन्न शहरों में जाते हैं तो लोग उनसे पूछते हैं कि इंदौर लगातार स्वच्छता में नंबर-1 कैसे बना रहता है. इसका उत्तर दो बातों में छिपा है- पहला, इंदौर के जागरूक नागरिक और सफाई मित्र, तथा दूसरा 'सोर्स पर सेग्रीगेशन', अर्थात घर से ही कचरे का पृथक्करण. उन्होंने कहा कि पूर्व में 'सेल्फी विद टॉयलेट' अभियान के माध्यम से विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था और इस बार 'सेग्रीगेशन वाली सेल्फी' के द्वारा नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है.

## विश्वविद्यालय परिसर में कथित राजनीतिक गतिविधियों की जांच की मांग

### प्रशासन ने कार्रवाई का दिया भरोसा

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिसर में हेल्प डेस्क की आड़ में कथित रूप से राजनीतिक सदस्यता अभियान चलाए जाने के आरोपों को लेकर इंदौर शहर कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ ने कुलपति और कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है. कांग्रेस शिक्षा प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष यश यादव ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में हेल्प डेस्क के माध्यम से छात्रों को शैक्षणिक मार्गदर्शन के साथ कथित रूप से एक राजनीतिक संगठन की सदस्यता दिलाने का दावा किया गया है. उन्होंने वीडियो की सत्यता की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की. यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा और शोध का केंद्र है, इसलिए परिसर में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधियां शैक्षणिक वातावरण को प्रभावित कर सकती हैं. ज्ञापन में मांग की गई है कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति या संगठन के खिलाफ विश्वविद्यालय के नियमों और कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए.



**तथ्यों की जांच कराई जाएगी**

वहीं, कुलसचिव प्रज्वल खरे ने बताया कि कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात कर एक वीडियो दिखाया है और उसे उपलब्ध कराने की बात कही है. उन्होंने कहा कि वीडियो मिलने के बाद तथ्यों की जांच कराई जाएगी और यदि किसी संगठन द्वारा विश्वविद्यालय परिसर का दुरुपयोग किए जाने की पुष्टि होती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

## शहर में मिलेगा गंगोत्री का पवित्र गंगाजल

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** श्रावण मास के दौरान भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं को अब गंगोत्री का पवित्र गंगाजल आसानी से उपलब्ध होगा. भारतीय डाक विभाग ने इंदौर परिक्षेत्र के सभी प्रधान डाकघरों और उप डाकघरों में 250 मिलीलीटर की पैकिंग में गंगोत्री से लाया गया शुद्ध गंगाजल उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है. इसकी कीमत 30 रुपये निर्धारित की गई है. डाक विभाग के अनुसार इंदौर परिक्षेत्र में आने वाले सभी जिलों के विभागीय डाकघरों में यह सुविधा श्रावण मास के दौरान जारी रहेगी. पिछले वर्ष श्रावण मास में श्रद्धालुओं ने 2,500 से अधिक गंगाजल के पैक खरीदे थे, जिसे देखते हुए इस बार भी पर्याप्त व्यवस्था की गई है. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष अस्थायी काउंटर और स्टॉल भी लगाए जाएंगे. इनमें इंदौर का मनकामेश्वर महादेव मंदिर, खंडवा का शिव मंदिर बड़ाबम, खरगोन का मंडलेश्वर मंदिर, मंदसौर का पशुपतिनाथ मंदिर, नीमच का किलेश्वर महादेव मंदिर, रतलाम (बिलपांक) का विरुपाक्ष महादेव मंदिर, सीहोर का कुबेरेश्वर धाम, उज्जैन (फ्रीगंज) का शिव मंदिर तथा शाजापुर के राजेश्वरी मंदिर और फूलखेड़ी हनुमान मंदिर परिसर शामिल हैं. इन विशेष शिविरों के माध्यम से श्रद्धालु मंदिर परिसर में ही गंगोत्री का पैक्ड गंगाजल खरीद सकेंगे. वहीं, सोमवार के अलावा अन्य कार्यदिवसों में यह गंगाजल सभी विभागीय डाकघरों में उपलब्ध रहेगा. श्रावण मास में शिवभक्तों की बढ़ती मांग को देखते हुए डाक विभाग की यह पहल श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक मानी जा रही है, जिससे उन्हें गंगाजल के लिए अलग से व्यवस्था करने की आवश्यकता नहीं होगी.



## इंदौर स्टेशन पर मुंशी प्रेमचंद जयंती पर राजभाषा कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** इंदौर स्टेशन पर स्टेशन राजभाषा कार्यान्वयन समिति ने शुक्रवार को हिंदी साहित्य के महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर राजभाषा कार्यक्रम आयोजित किया. इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया.

वक्ताओं ने प्रेमचंद के जीवन, व्यक्तित्व और साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी रचनाएं सामाजिक समानता, मानवीय संवेदनाओं और नैतिक मूल्यों की प्रेरणा देती हैं तथा आज भी प्रासंगिक हैं. कार्यक्रम में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया. अंत में उपस्थित कर्मचारियों ने हिंदी के व्यापक उपयोग और प्रेमचंद के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया.

## मंडी शुल्क बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, शंख बजाकर सौंपा ज्ञापन

### निर्णय वापस नहीं लेने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** मध्य प्रदेश में मंडी शुल्क बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत किए जाने के फैसले के विरोध में कांग्रेस उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ ने गुरुवार को प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन किया. प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद बागड़ी के नेतृत्व में 55 जिलों की 150 से अधिक मंडियों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन सौंपे गए. इंदौर की लक्ष्मी नगर अनाज मंडी में शंख बजाकर विरोध जताते हुए मंडी सचिव ओपी खेड़े को ज्ञापन सौंपा गया.

अरविंद बागड़ी ने कहा कि मंडी शुल्क में वृद्धि का सीधा असर किसानों, व्यापारियों, लघु एवं मध्यम उद्योगों और आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा. शुल्क बढ़ने से कृषि उपज के कारोबार की लागत बढ़ेगी, जिसका असर किसानों को मिलने वाले दाम और



बाजार में वस्तुओं की कीमतों पर पड़ेगा. उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक शुल्क होने से व्यापार के दूसरे राज्यों में जाने और रोजगार प्रभावित होने की आशंका है. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार ने यह निर्णय व्यापारी संगठनों और किसान प्रतिनिधियों से चर्चा किए बिना लिया है. उन्होंने मंडी शुल्क वृद्धि वापस लेने और सभी संबंधित पक्षों से चर्चा के बाद नई नीति बनाने की मांग की. प्रकोष्ठ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो कांग्रेस व्यापारियों और किसानों के साथ प्रदेशभर में आंदोलन करेगी. इस दौरान प्रदेश महामंत्री अभिषेक मित्तल, कांग्रेस प्रदेश सचिव दीपू यादव, विवेक खंडेलवाल, गोविंद अग्रवाल, दीपक पंचायती, मधुसूदन भलिका, हितेश अग्रवाल, अवधेश गर्ग सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

**एक नजर में** | **इंदौर जनसंपर्क कार्यालय में होगी उपयोग**

## पश्चिम रेलवे की पहली हायर इलेक्ट्रिक कार रतलाम मंडल में शामिल

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने महत्वपूर्ण पहल करते हुए पहली बार हायर आधार पर इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन शामिल किया है. यह पश्चिम रेलवे का पहला ऐसा वाहन है, जिसे इंदौर स्थित जनसंपर्क अधिकारी के कार्यालयीय उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया है.**




रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस पहल का उद्देश्य पारंपरिक ईंधन आधारित वाहनों पर निर्भरता कम करना, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना और हरित परिवहन को बढ़ावा देना है. इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग से ईंधन की बचत के साथ संचालन लागत और ध्वनि प्रदूषण में भी कमी आएगी. इस परियोजना को मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हिना वी. केवलरामानी तथा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक नूपुर चौधरी के समन्वय से पूरा किया गया. रेलवे के अनुसार पश्चिम रेलवे में पहली बार हायर आधार पर इलेक्ट्रिक चार पहिया वाहन के लिए लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस जारी किया गया है. रेलवे का मानना है कि रतलाम मंडल की यह पहल हरित परिवहन को बढ़ावा देने के साथ अन्य मंडलों के लिए भी उदाहरण बनेगी.

## अवैध गैस सिलेंडर भंडारण पर खाद्य विभाग की कार्रवाई, 17 सिलेंडर जब्त

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर.** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कारोबार के खिलाफ खाद्य विभाग ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए सागौर कुटी क्षेत्र से 17 गैस सिलेंडर जब्त किए. मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है.

खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने सागौर कुटी स्थित धर्मकुंज गेट के पास एक परिसर में औचक निरीक्षण किया. जांच के दौरान गुलाब शाह के कब्जे से घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण और कारोबार संचालित होना पाया गया। मौके से 17 सिलेंडर जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वस्तु



अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई की गई. यह कार्रवाई सहायक आपूर्ति अधिकारी एन.एस. मुवेल, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता और सुचिता दुबे की संयुक्त टीम ने कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की. प्रशासन का कहना है कि आवासीय और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, रिफिलिंग और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही नागरिकों से ऐसी गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को देने की अपील की गई है.

## एक नज़र में

### एनपीसीआई टेक्स्ट मैसेज धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा

इंदौर. डिजिटल भुगतान अब पूरे देश में आसानी से उपलब्ध है, जो भारत को डिजिटल-प्रथम अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ा रहा है और लोगों को सुरक्षा एवं सुविधा दोनों प्रदान कर रहा है. आज कई धोखाधड़ी की शुरुआत एक साधारण टेक्स्ट मैसेज से होती है, जिसे तुरंत कार्रवाई करने के लिए जल्दबाजी, डर या जिज्ञासा पैदा करने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है. सोशल इंजीनियरिंग का यह तरीका तकनीकी विशेषज्ञता के बजाय मानवीय भावनाओं का फायदा उठाता है. यह जानना कि ये धोखाधड़ी कैसे काम करती हैं, आपको इनके चेतावनी संकेतों को पहचानने और वित्तीय धोखाधड़ी से खुद को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है. सुरक्षित रहने के लिए कोई भी कदम उठाने से पहले हर संदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें. किसी भी अनुरोध की पुष्टि के लिए संबंधित संस्था की आधिकारिक वेबसाइट, ऐप या कस्टमर केयर के माध्यम से सत्यापन करें. यदि आपको शिकायत दर्ज करनी पड़े, तो यह जानकारी संबंधित अधिकारियों की मदद कर सकती है.

### एचडीएफसी के सीएसआर ने 10.77 करोड़ लोगों तक पहुंच बनाई

इंदौर. एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर इनिशिएटिव के ज़रिए 10.77 करोड़ से ज़्यादा लोगों की ज़िंदगी पर असर डाला है. इन प्रोग्राम का अम्ब्रेला प्रोग्राम परिवर्तन अब भारत के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है. बैंक एनजीओ पार्टनर्स, लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और कम्युनिटी इंस्टीट्यूशन के साथ पार्टनरशिप में काम करता है ताकि यह पक्का हो सके कि इंटरवेंशन लोकल लेवल पर रिलेवेंट, स्केलेबल और सस्टेनेबल लॉन्ग-टर्म असर देने में कैपेबल रहें. एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैज़ाद भरूचा ने कहा परिवर्तन के ज़रिए हमारी सीएसआर पहल इस विश्वास से गाइड होती है कि स्थायी बदलाव गांव-गांव, परिवार-परिवार, उन समुदायों के साथ करीबी पार्टनरशिप में किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं. इस साल, होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम को और गहरा करने और बॉर्डर के गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हमारी कोशिशें यह पक्का करने के हमारे कमिटमेंट को दिखाती हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न छूटे.

### डिस्कवरी ने डिक्लासिफाइड: ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा की

इंदौर. इतिहास की दिशा बदल देने वाले हर निर्णायक क्षण के पीछे कई ऐसे फैसले होते हैं, जो अक्सर लोगों की नज़रों से ओझल रह जाते हैं. इन्हीं अनकहे पहलुओं को सामने लाने के लिए डिस्कवरी ने आज अपनी नई दो-भागों वाली डॉक्यूमेंट्री डीक्लासिफाइड: ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा की. यह डॉक्यूमेंट्री देश के सबसे महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में से एक की दुर्लभ और पहली बार सामने लाई गई अंदरूनी झलक पेश करेगी. यह सीरीज़ 15 अगस्त, को खास तौर पर डिस्कवरी और डिस्कवरी+ पर दिखाई जाएगी. साउथ एशिया, वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी — हेड ऑफ फैक्चुअल एंटरटेनमेंट, लाइफस्टाइल × किड्स साई अभिषेक ने कहा वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी में हमारा उद्देश्य दर्शकों तक ऐसी प्रभावशाली कहानियां पहुंचाना है, जो उन्हें अपने आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद करें. डीक्लासिफाइड- ऑपरेशन सिंदूर हमारी नई डीक्लासिफाइड फ्रैंचाइज़ी की भी शुरुआत है, जिसके के माध्यम से हम दर्शकों को इतिहास की दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण क्षणों के और करीब लाना चाहते हैं.

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ऑल-न्यू हिल्क्स को लॉन्च किया

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हिलक्स के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत में अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. टोयोटा की विरासत में शामिल विश्वसनीयता, मजबूती और गुणवत्ता का प्रतीक, नौवीं पीढ़ी की हाइलक्स रग्ड ड्यूरेबिलिटी और हमेशा तैयार रहने वाली क्षमता को जोड़ते हुए बहुउद्देशीय परफॉर्मेंस देने के लिए इंजीनियर की गई है. आईएमवी प्लेटफॉर्म पर आधारित, ऑल-न्यू हिलक्स को इस तरह विकसित किया गया है कि यह असाधारण ऑल-राउंड उपयोगिता प्रदान करे. यह हेवी-ड्यूटी कार्यों के लिए बेहद टिकाऊ है, शहरी ड्राइविंग के लिए आरामदायक है और हल्के एडवेंचर के लिए सक्षम है. मसाकाज़ु योशिमुरा, चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ़ एग्ज़िक्यूटिव ऑफ़िसर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, कस्टमर सेंट्रिसिटी का मतलब है आज ग्राहकों की ज़रूरतों को समझना और कल उनकी आकांक्षाओं के लिए तैयार रहना. भारत में लगभग तीन दशकों से मौजूदगी के साथ, हम लगातार अपने ग्राहकों की बात सुनकर, भविष्य में निवेश करके और भरोसे, क्वालिटी और रिलायबिलिटी पर आधारित मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रदान करके आगे बढ़ते जा रहे हैं.

### गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड लॉन्च

इंदौर. एसबीआई कार्ड और गूगल ने मिलकर गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड% के लॉन्च की घोषणा की है, जो फ्लेक्स बाय गूगल पे का ही एक हिस्सा है. गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड को रोज़मर्रा के भुगतान अनुभव को आसान और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें आपको रिवॉर्ड्स, सुविधाजनक तरीके से भुगतान और सुरक्षा एक साथ मिलती है. यह साझेदारी क्रेडिट कार्ड के क्षेत्र में एसबीआई कार्ड की भरोसेमंद विशेषज्ञता और गूगल पे के डिजिटल इकोसिस्टम को एक साथ लाकर ग्राहकों के लिए भुगतान के अनुभव को आसान और बेहतर बनाती है. एसबीआई कार्ड की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सलिला पांडे ने कहा, एसबीआई कार्ड में हम ग्राहकों को ऐसे शानदार प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने पर ज़्यादा ध्यान देते हैं, जो उनके लिए लेनदेन को ज़्यादा आसान, सुगम एवं अधिक उपयोगी बनाए. गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड का लॉन्च इसी दिशा में एक बड़ा कदम है. सुविधा, बेहतरीन रिवॉर्ड, आसान इस्तेमाल और सुरक्षा का यह खास मेल भारत में रोज़मर्रा के भुगतान अनुभव को नया रूप देगा.

### कल्चर पर आधारित ट्रैवल की मांग बढ़ी -स्काईस्कैनर

इंदौर. कल्चर भारतीयों के होलिडे की योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. भारतीय ट्रैवलर पारंपरिक साईटसींग की बजाय अब ज्यादा गहरे और प्रामाणिक अनुभवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उन्हें पारंपरिक हैरिटेज, ट्रेडिशंस, क्वीजीन, फेस्टिवल्स और समुदायों से जोड़ें. प्रमुख ग्लोबल ट्रैवल ऐप, स्काईस्कैनर ने अपनी नई रिपोर्ट, द इंडिया कल्चर ट्रैवल इंडेक्स में खुलासा किया है कि कल्चर पर आधारित ट्रैवल के लिए भारतीयों की मांग लगातार बढ़ रही है. नील घोष, ट्रैवल ट्रेंड्स एवं डेस्टिनेशंस एक्सपर्ट, स्काईस्कैनर इंडिया ने कहा लंबे समय से लोग पहले जगह चुनते थे और उसके कल्चर को वहाँ पहुँचने के बाद देखते थे. अब ट्रैवल का तरीका पलट चुका है अब ऐसे ट्रैवलर देखने को मिल रहे हैं, जो पहले यह तय करते हैं कि वो दुर्गा पूजा देखना चाहते हैं, हैरिटेज ट्रेल पर जाना चाहते हैं या किसी जगह के फूड का आनंद लेना चाहते हैं। इसके बाद वो ट्रिप की योजना बनाते हैं। यह बदलाव केवल लोगों के ट्रैवल करने के तरीके में नहीं हो रहा है, बल्कि उनकी प्लानिंग के तरीके में भी हो रहा है.

### फ्लिपकार्ट व नेटफ्लिक्स की पार्टनरशिप

इंदौर. फ्लिपकार्ट और नेटफ्लिक्स ने पार्टनरशिप करके फ्लिपकार्ट मेंबर्स को अपनी रोजमर्रा की शॉपिंग पर हर महीने नेटफ्लिक्स मोबाईल प्लान की एक्सेस पाने का अवसर प्रदान किया, जिसके लिए उन्हें अलग से सब्सक्रिप्शन लेने या बंडल्ड रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी. इस पार्टनरशिप के अंतर्गत सरल और फायदेमंद तरीके से दो अनुभवों को एक साथ पेश किया गया है, जो पहले से ग्राहकों के दैनिक जीवन का हिस्सा हैं. यह बेनेफिट 1 अगस्त से मिलना शुरू हो जाएगा. रवि अय्यर, सीएफओ एवं एसवीपी, स्ट्रेटिजक पार्टनरशिप्स, फ्लिपकार्ट ने कहा जैसे-जैसे ग्रोसरी, दैनिक जरूरत के सामानों और क्विक कॉमर्स की शॉपिंग ग्राहकों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनती जा रही है, वैसे-वैसे हमें उनकी दैनिक खरीददारी को ज्यादा फायदेमंद बनाने का बड़ा अवसर दिखाई दे रहा है. यह पार्टनरशिप उनके इस रोजमर्रा के व्यवहार के बदले उन्हें विश्वस्तर के एंटरटेनमेंट की एक्सेस प्रदान करेगी.

### नए येज़्दी रेंज के साथ त्योहारी सीज़न की शुरुआत की

इंदौर.. जावा येज़्दी मोटरसाइकल्स ने भारत के त्योहारी सीज़न से ठीक पहले येज़्दी की 2026 रेंज का अनावरण किया है. अनटेम्ड ट्रिनिटी नाम की ये तीन विशेष मोटरसाइकल्स - येलो फाल्कन एडवेंचर, ग्रीन मामba रोडस्टर और ग्रे पैंथर स्क्रैम्बलर- येज़्दी के निरंतर विकास को दर्शाती हैं, जहां हर नया रूप राइडर्स की असली ज़रूरतों को पूरा करता है. केरल से शुरू होकर, जहां ओणम के साथ भारत का त्योहारी सीज़न शुरू हो रहा है, यह तिकड़ी अब देश भर में उपलब्ध होगी. बोमन रुस्तम ईरानी, सह-संस्थापक, क्लासिक लेजेंड्स ने कहा, येज़्दी हमेशा से एक ऐसा ब्रांड रहा है जिसे जितना हमने बनाया है, उतना ही इसके राइडर्स ने भी बनाया है. राइडर्स ने येज़्दी को पीढ़ियों से आगे बढ़ाया है, इसे रीस्टोर किया है और इसके आसपास कम्युनिटीज बनाई हैं। 2026 की यह नई लाइन-अप तीन उद्देश्य-आधारित मोटरसाइकिलों के साथ उसी भावना को जीवंत करती है.

### पिकलबॉल ग्रां प्री में टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस बना स्पोर्ट्स पार्टनर

इंदौर. मल्टी-ब्रांड स्पोर्ट्स और फिटनेस रिटेल चेन टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस ने टाइम्स नेटवर्क पिकलबॉल ग्रां प्री- मुंबई एडिशन 2026 में एक्सक्लूसिव स्पोर्ट्स पार्टनर के रूप में भागीदारी की. 23 जुलाई को मुंबई के नॉटी पिकल, द बैलार्ड पियर में आयोजित इस प्रतियोगिता में टियर-1, टियर-2 और टियर-3 शहरों से करीब 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. इस आयोजन ने भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे पिकलबॉल खेल को एक नया मंच प्रदान किया. इस साझेदारी पर टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक नितीन शाह ने कहा, यह हमारे लिए सिर्फ एक स्पॉन्सरशिप नहीं थी, बल्कि खेल के माध्यम से लोगों को जोड़ने वाले एक अभियान का हिस्सा बनने का अवसर था। टियर-1, टियर-2 और टियर-3 शहरों से खिलाड़ियों का उत्साह देखकर हमें बेहद खुशी हुई. इससे साफ है कि भारत में पिकलबॉल का भविष्य उज्ज्वल है. टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस हमेशा से सिर्फ खेल सामग्री बेचने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी काम करता रहा है.